सत्यमेव जयते

बिहार राज्य के कोषागारों की कार्य प्रणाली पर वार्षिक समीक्षा

वर्ष 2021–2022

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग

कार्यालय महालेखाकार (ले० एवं हक०) बिहार, पटना।

प्राक्कथन

कोषागार शासकीय लेखा प्रणाली का मुख्य अंश है, तथा वे सरकार के राजस्व प्राप्ति एवं भुगतान पर नियंत्रण रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसके लिए शासन में संहितायें, नियमावलियाँ एवं प्रक्रियायें निर्धारित की है। अतः कोषागारों की कार्य प्रणाली एवं विर्निदिष्ट नियमों/प्रक्रियाओं के पालन तथा आन्तरिक नियंत्रण में पाई गई कमियों जो नियमो एवं प्रक्रियाओं से विचलन तथा वित्तीय प्रबन्धन में कमी को बढ़ावा देती है। इस प्रतिवेदन में वर्ष 2021–2022 की अवधि के लेखांकन एवं इस कार्यालय में उपलब्ध डेटा बेस का नमूना जाँच में आये प्रकरणों को सम्मिलित किया गया है।

हम यह अपेक्षा करते है कि प्रस्तुत समीक्षा भविष्य में अनियमितताओं की पुनरावृति रोकने में प्रेरणादायी सिद्ध होगी।

महालेखाकार

स्थानः –
दिनांकः –

कार्यालय महालेखाकार (ले0 एवं ह0)
बिहार, पटना।

विषय सूची

भाग–1

विवरण	प्रस्तर संख्या	पृष्ठ संख्या
प्रतावना	1.1	4
संगठनात्मक	1.2	5
कोषागार कर्मियों की स्थिति	1.3	6
कोषागार के निरीक्षण का उद्देश्य	1.4	6

भाग–2

लेखाओं की संकलन एवं सत्यापन के दौरान संज्ञान में आयी खामियाँ एवं अनियमिततायें।

	प्रस्तर संख्या	पृष्ठ संख्या
• मासिक लेखाओं की विलम्ब से प्राप्ति	2.1	7–9
• अवशिष्ट दावे (ए0सी0 विपत्र)	2.2	10–11
• व्यक्तिगत जमा/व्यक्तिगत लेखा खाता	2.3	11
• निष्क्रिय लेखा खाता बन्द न किया जाना	2.4	11–12
• धन ऋण ज्ञापन के अवशेष में अन्तर	2.5	13–14
• नगर निगम, आदि गलत लेखा शीर्ष में वर्णित	2.6	14
• प्रदेश के कोषागारो से वाउचर प्राप्त न होना	2.7	15–16
• बिलों के भुगतान में विलम्ब	2.8	16–17

भाग–3

कोषागारों के निरीक्षण के दौरान पायी गयी त्रुटियाँ/खामियाँ

• वर्ष के दौरान निरीक्षण किए गए कोषागार	3.1	18
• निरीक्षण प्रतिवेदन के अविस्तारित प्रतिवेदन एवं प्रस्तर	3.2	18–19
• एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के उपरान्त उपादान प्राधिकार पत्रों का पुर्नवैद्यीकरण न किया जाना	3.3	19
अभिलेखों का समुचित रख–रखाव न किया जाना	3.4	20
• आपत्ति ज्ञापन का गैर रख–रखाव	3.4.1	20–21

• 15 वर्षों से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत रूपान्तरित पेंशन की राशि से कटौती	3.5	21
• आपत्तिजनक पीपीओ संख्या बैंक स्क्रॉल में दर्शाया जाना	3.6	22
• अन्तर्राज्यीय पेंशन प्रपत्र के स्थानान्तरण में अनियमितता	3.7	23
• सातवे वेतन आयोग के आलोक में पेंशन/पारिवारिक पेंशन का समेकित नहीं किया जाना	3.8	23
• नवीन पेंशन निधि के स्थानान्तरण में अनियमितता	3.9	24
• उपादान प्राधिकार पत्र की परिपक्वता अवधि की समाप्ति के उपरांत भुगतान	3.10	25
• पेंशनरों से आयकर की कटौती न किया जाना	3.11	25
• बकाया पेंशन राशि भुगतान में अनियमितता	3.12	26
• चिकित्सा विपत्र में अनियमितता	3.13	26–27
• यात्रा भत्ता/स्थानान्तरण भत्ता के विपत्र में अनियमितता	3.14	28
• पेंशनरों को महंगाई राहत भुगतान में अनियमितता	3.15	28
• पेंशनरों को चिकित्सा भत्ता भुगतान में अनियमितता	3.16	29
• रोकड़ बही	3.17	29–30
• कोषागार का निरीक्षण तथा सुरक्षा प्रमाण पत्र का निर्गमन	3.18	31
• स्टाम्प लेखा	3.19	32–33
• कोषागारों का उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण न किया जाना	3.20	33

<u>भाग–4</u>

कोषागारों के जाँचोपरान्त आई0टी0 क्षेत्र में पायी गयी अनियमितता। 4 34–39

भाग–1

1.1 प्रस्तावना :–

शासकीय राजस्व की प्राप्ति एवं भुगतान पर प्रभावी नियंत्रण रखने के उद्देश्य से कोषागारों की स्थापना की गई है। सभी कोषागार/बिहार प्रदेश शासन के वित लेखा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में अपने दायित्व का निर्वहन करते है। ये शासकीय लेखा प्रणाली के मुख्य एवं महत्वपूर्ण अंग है। कोषागारों की कार्य प्रणाली के सुचारू संचालन हेतू शासन के वित्त एवं लेखा संवर्ग के अधिकारियों को मुख्य/वरिष्ठ/सहायक कोषाधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है। सभी कोषाधिकारी अपने कर्तव्य का पालन कर सके, इसके लिए शासन ने कुछ नियमावलियाँ/नियम संहिताएं बना रखी है। इन्हीं नियमों/नियमनो के अधीन उन्हें अपने दायित्व का निर्वहन करना पड़ता है। कोषागारों की कार्यप्रणाली में दृष्टिगत विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं के निवारण हेतु इस कार्यालय द्वारा प्रतिवर्ष कोषागारों की समीक्षा किया जाता है।

सभी कोषागारो द्वारा मुख्यतः दो प्रकार के महत्वपूर्ण कार्यो का निष्पादन किया जाता हैः –

1. शासन को प्रदेश धनराशि की प्राप्ति एवं शासन की ओर से भुगतान की गई धनराशि को लेखे में समुचित ढंग से दर्शाना।

2. प्रारंभिक लेखाओं को तैयार कर कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) बिहार/पटना को प्रेषित/उपलब्ध कराना, जिससे कि महालेखाकार मासिक लेखाओं का संकलन कर, वार्षिक वित्त एवं विनियोजन लेखा समय से तैयार कर विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत कर सके।

1.2 संगठनात्मक ढ़ाँचाः –

वित्तीय वर्ष 2021–2022 में दिनांक 01.04.2021 से बिहार में कुल 43 कोषागार के रूप में कार्यरत है। सभी कोषागार बैंकिंग है इनका समस्त लेन–देन भारतीय स्टेट बैंक अथवा अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से होता है। वित्तीय वर्ष 2021–2022 में सभी कोषागारों की सूची निम्नानुसार है।

बिहार में कोषागारों की सूची			
क्रम संख्या	**कोषागार**	**क्रम संख्या**	**कोषागार**
1	अररिया	25	मुजफफरपुर
2	आरा (भोजपुर)	26	बिहारशरीफ (नालंदा)
3	अरवल	27	नवादा
4	औरंगाबाद	28	पुर्णिया
5	बाँका	29	सहरसा
6	बेगुसराय	30	समस्तीपुर
7	बेतिया(पश्चिम चंपारण)	31	रोहतास (सासाराम)
8	भभुआ (कैमूर)	32	निर्माण भवन, पटना
9	भागलपुर	33	सिंचाई भवन, पटना
10	बक्सर	34	विकास भवन, पटना
11	छपरा (सारण)	35	शेखपुरा
12	दरभंगा	36	शिवहर
13	गया	37	सीतामढ़ी
14	गोपालगंज	38	सिवान
15	जमुई	39	सुपौल
16	जहानाबाद	40	वैशाली (हाजीपुर)
17	कटिहार	41	बिहार भवन (नई दिल्ली)
18	खगड़िया	42	ई–कोषागार
19	मधेपुरा	43	पटना समाहरणालय
20	मधुबनी		
21	किशनगंज		
22	लखीसराय		
23	मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)		
24	मुंगेर		

1.3 कोषागार कर्मियों की स्थिति

प्रदेश के कुल 43 कोषागारों में वित्तिय वर्ष 2021–2022 में कुल 9 कोषागारों के निरीक्षण उपरांत कार्यरत, कर्मचारियों की स्थिति निम्न विवरणानुसार है :–

कोषागार	स्वीकृत पद	तैनाती
पटना सदर	47	26
पटना सिंचाई भवन	40	22
पटना विकास भवन	18	14
पटना निमार्ण भवन	21	24
मुजफ्फरपुर	43	18
वैशाली (हाजीपुर)	16	06
बक्सर	––	––
सुपौल	13	07
सारण (छपरा)	31	11

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि स्वीकृत पद के सापेक्ष तैनाती बहुत कम है। इतने कम कर्मचारी होने के कारण कार्य का बोझ अधिक हो गया है, जिसके कारण त्रुटियाँ होने की सम्भावना अधिक रहती है तथा सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना भी अनिवार्य होना चाहिये।

1.4 कोषागार के निरीक्षण का उद्देश्य

कोषागार शासकीय राजस्व की प्राप्ति एवं भुगतान करने के साथ भुगतान पर नियंत्रण रखने में महत्वपूर्ण भुमिका निभाते है। कोषागार अपने दायित्वों को सुनिश्चित रूप में नियमानुसार एवं निर्बाध गति से निर्वहन कर सके इसके लिए शासन द्वारा विभिन्न संहिताओं एवं वित्तिय नियम/विनियमों को बनाया गया है, जिससे कि कोषागारो की कार्यक्षमता का विकास मितव्ययिता के साथ हो सके। उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतू यह कार्यालय कोषागारों का वार्षिक निरीक्षण करता है। कोषागारों के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार हैः –

- सरकार का वित्तीय स्थिति का उनके लेखाओं में स्पष्ट प्रदर्शन।
- सरकार के अधिदेशाधीन कार्यकलापों के कार्यान्वयन में मितव्ययी, दक्षता तथा प्रभावकारिता की प्राप्ति का निर्धारण सुनिश्चित करना।
- पेन्शन मन्जूरी करने को शासित करने वाली अर्हता शर्तें पूर्ण की गयी है अथवा नहीं।
- पेन्शन स्वीकृत एवं आहरित की राशि सही है अथवा नहीं।
- बहुमुल्य वस्तुओं का रख–रखाव एवं भौतिक सत्यापन नियमानुसार किया जाना सुनिश्चित करना।

- स्टम्पों की माँग, भण्डारण, भौतिक सत्यापन, सुरक्षा एवं बिक्री स्टाम्प मैनुअल के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करना।

भाग–2

लेखाओं के संकलन एवं सत्यापन के दौरान संज्ञान में आई कमियों/त्रुटियाँ/ अनियमितताऐं

नियंत्रक महालेखा परीक्षक के स्थाई आदेशों की पुस्तिका (लेखा एवं हक0) खण्ड–1 के अध्याय–2 के अनुसार सभी लेखाकरण कार्य और लेखा एवं हक0 कार्यो से सम्बन्धित जॉच कार्य महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हक0) को सौंपे गये है।

महालेखाकार (लेखा एवं हक0) निम्नलिखित कार्यो के लिये उत्तरदायी हैः –

- राज्य सरकारों के विभिन्न खजानों और लोक निर्माण तथा वन मण्डलों से प्राप्त वाउचरों और अनुसूचियों के आधार पर व्यय और प्राप्तियों के मासिक लेखे को संकलित करना।
- विनियोग एवं वित्त लेखे तैयार करना।
- जहॉ कहीं अपेक्षित हो कर्मचारियों की पेंशन और अन्य सेवा निवृत्ति लाभों को प्राधिकृत करना।
- विभिन्न जमाशीर्षो के अन्तर्गत लेन–देनों के सम्बन्ध में महालेखाकार कार्यालयों में रखे गये लेखाओं का खजाना लेखा से मिलान करना।
- जहाँ कहीं अपेक्षित हो विभिन्न दीर्घ कालिक कर्जो एवं अग्रिमों के लेखे रखना।

2.1 मासिक लेखाओं की विलम्ब से प्राप्ति।

प्रत्येक कोषागार अपने मासिक लेखे को सम्मिलित करते हुए, दो सूचियों में तैयार कर कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक0) में प्राप्त कराते है। प्रत्येक माह की 01 तारीख से 10 तारीख तक किये गये सभी भुगतानों की प्रथम सूची सम्बन्धित माह की 13 तारीख तक तथा द्वितीय सूची, जिसमें माह की 11 तारीख से माह के अंतिम कार्य दिवस तक किये गये सभी भुगतान एवं सकल प्राप्ति सम्मिलित होती है, अगले माह की 5 तारीख तक इस कार्यालय में प्राप्त कराने की तिथि निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2021–2022 में 43 कोषागारों द्वारा अपने कोषागार के मासिक लेखे, इस कार्यालय को प्राप्त कराये गये (जिसकी विवरणी संलग्न है)। ज्ञातव्य हो कि बिहार राज्य में सी0एफ0एम0एस0 (समेकित वित्तिय प्रबन्धन प्रणाली) 01.04.2019 से लागू है। इसके तहत् लेखाऍ कोषागार/ वित्त विभाग के माध्यम से ऑनलाईन प्रावधान है। लेखाऍ अगले माह की 5 तारीख को प्राप्त होनी चाहिए परंतु अधिक लेखे काफी विलम्ब से कार्यालय में प्राप्त कराए गए है।

वर्ष 2021–2022 में कोषागारो द्वारा विलम्ब से प्राप्त लेखाओं की सूची (दिनों में)

क्रम संख्या	कोषागार का नाम	अप्रैल. 21	मई 21	जून. 21	जुलाई. 21	अगस्त. 21	सितम्बर .21	अक्टुबर 21	नवम्बर. 21	दिसम्बर. 21	ज्नवरी 22	फरवरी 22	मार्च 22
1	आरा (भोजपुर)	51	25	17	29	10	13	12	01	01	10	33	00
2	अररिया	51	25	21	12	12	17	11	03	01	12	02	00
3	अरवल	51	33	17	00	10	15	11	10	10	05	00	00
4	औरंगाबाद	51	23	17	18	09	15	19	03	08	03	00	07
5	बाँका	51	23	12	23	10	15	11	01	06	12	02	00
6	बेगुसराय	.51	25	25	18	09	13	13	01	00	00	02	00
7	बेतिया(पश्चिम चंपारण)	51	25	12	12	10	17	11	05	10	09	03	02
8	भभुआ (कैमूर)	51	23	17	29	09	02	19	01	06	02	02	00
9	भागलपुर	51	33	18	12	09	06	19	02	01	05	01	00
10	बक्सर	51	34	17	12	09	13	12	00	01	03	02	02
11	दरभंगा	51	37	17	12	10	06	11	01	02	09	05	00
12	दिल्ली बिहार भवन	51	34	12	29	00	00	11	01	00	00	47	12
13	ई0–कोषागार	51	25	21	25	12	20	17	05	09	10	05	00
14	गया	51	25	23	12	22	03	12	00	09	02	05	09
15	गोपालगंज	51	33	18	25	22	06	18	05	08	10	03	02
16	जमुई	51	25	17	29	10	15	12	09	05	05	17	01
17	जहानाबाद	51	33	17	29	12	15	17	05	09	12	04	00
18	कटिहार	51	25	17	12	10	05	11	03	02	03	02	00
19	खगड़िया	51	33	17	18	12	04	12	01	01	12	02	00
20	किशनगंज	51	33	23	29	22	13	13	09	01	05	12	01
21	लखीसराय	51	23	18	12	09	15	11	09	01	04	19	15
22	मधेपुरा	51	23	12	12	09	02	11	05	00	12	00	00

23	मधुबनी	51	23	23	17	09	03	13	00	01	00	16	00
24	मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)	51	25	18	19	12	13	17	05	03	09	05	03
25	मुंगेर	51	23	17	12	09	13	123	02	02	05	00	00
26	मुजफफरपुर	51	23	17	18	09	17	12	02	08	12	12	00
27	बिहारशरीफ (नालंदा)	51	25	17	18	09	123	11	01	02	10	02	00
28	नवादा	52	25	18	29	09	13	19	05	03	05	12	02
29	पटना सदर	52	25	21	12	10	16	17	11	10	05	06	04
30	पटना विकास भवन	52	33	25	12	22	06	11	03	03	04	00	01
31	पटना निर्माण भवन	52	33	17	12	22	02	12	05	09	11	00	01
32	पटना सिंचाई भवन	52	25	23	18	12	03	11	03	00	00	00	00
33	पुर्णिया	52	23	21	08	22	03	12	01	01	.02	01	15
34	रोहतास (सासाराम)	52	23	21	12	09	03	11	11	10	04	04	03
35	सहरसा	52	25	25	25	22	13	11	01	00	00	01	00
36	समस्तीपुर	52	23	21	12	09	03	11	01	10	03	12	00
37	सारण (छपरा)	52	25	21	29	09	13	11	01	09	05	12	00
38	शेखपुरा	52	33	17	18	10	15	12	05	08	02	00	12
39	शिवहर	52	25	17	29	10	06	11	04	01	02	17	00
40	सीतामढ़ी	52	23	17	29	22	15	13	04	08	02	04	00
41	सिवान	52	25	25	12	12	16	19	04	08	05	05	18
42	सुपौल	52	33	23	29	09	04	12	01	01	12	05	00
43	हाजीपुर (वैशाली)	51	23	21	12	22	16	19	04	05	11	04	00

2.2 अवशिष्ट दावे (ए0सी0 विपत्र)

बिहार कोषागार संहिता 2011 के नियम 191, 192 व 194 के अनुसार भुगतान के पश्चात प्रतिहस्ताक्षर की आवश्यकता वाले आकस्मिक प्रभारों को बि.को.सं. फारम 26 में 'संक्षिप्त विपत्रों' 'एब्सटैंक्ट बिल्स' में निकासी की जा सकती है। ऐसे विपत्रों में व्ययों के विवरण नहीं होते हैं और उन्हें समर्थक वाउचरों के बिना ही कोषागार में प्रस्तुत किया जाता है। निकासी पदाधिकारी प्रत्येक विपत्र में यह तथ्य लिखता है कि 'विस्तृत विपत्र' को बताई गई तारीख तक प्रतिहस्ताक्षर हेतु भेजा जाना है।

टिप्पणीः यदि व्यय को स्थायी अग्रिम से चुकाया जा सकता हो, तो संक्षिप्त विपत्रों के माध्यम से धन की निकासी की जानी चाहिए। कोषागार में अगले आकस्मिक संक्षिप्त विपत्र के साथ इस आशय का प्रमाणपत्र कि पूर्व में निकासी किये गये संक्षिप्त विपत्रों के लिए विस्तृत विपत्र अमुक तिथि को प्रतिहस्ताक्षर हेतु नियंत्री पदाधिकारी के पास पेश कर दिया गया है, संलग्न किया जाएगा।

टिप्पणी भुगतान के पहले प्रतिहस्ताक्षरित आकस्मिक व्ययों को व्यय के पूर्ण विवरण के साथ बि.को.सं. फारम 25 में प्रस्तुत किया जाएगा न कि उपर वर्णित संक्षिप्त विपत्रों में मासिक आकस्मिक व्यय पंजी के आधार पर मासिक विस्तृत विपत्र बि.को.सं. फारम 27 में तैयार किया जाना चाहिए। विस्तृत विपत्र पर 'कोषागार में भुगतान हेतु नहीं' शीर्षक देना चाहिए। विपत्र पर प्रभारित राशि और संलग्न उप–वाउचरों को उस महीने में कोषागार से की गई वास्तविक निकासी की राशि से पूरी तरह मेल खाना चाहिए। उस पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का हस्ताक्षर होना चाहिए और उसे नियंत्री पदाधिकारी के पास पेश किया जाना चाहिए। विस्तृत विपत्र के साथ 5000 रु. से अधिक के उप–वाउचर संलग्न किए जाने चाहिए और 5000 रु. से कम राशि के संबंध में विपत्र पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का प्रमाणपत्र पृष्ठांकित होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित कोषागारों के अन्तर्गत लंबित अवशिष्ट दावे इस प्रकार हैं :–

कम संख्या	कोषागार का नाम	शेष ए0सी0 राशि
1	अररिया	13,63,59,500
2	बाँका	7,39,64,198
3	दरभंगा	8,57,09,810
4	बेगुसराय	7,27,87,938
5	सिवान	5,06,72,635
6	बेतिया	14,70,27,707
7	मधुबनी	7,41,29,526
8	नालंदा	1,73,18,48,630
9	सीतामढ़ी	7,12,83,502
10	भागलपुर	1,12,83,25,134
11	मुंगेर	64,27,92,912
12	समस्तीपुर	3,19,81,652
13	कटिहार	2,82,19,733
14	मधेपुरा	3,86,65,000
15	पुर्णिया	13,99,54,501
16	सारण	4,33,88,889
17	शिवहर	95,900
18	खगड़िया	1,79,41,383

19	जमुई	10,88,00,791
20	पटना सिंचाई भवन	3,34,84,55,931
21	मोतिहारी	10,22,25,649
22	वैशाली	9,22,72,081
23	पटना निर्माण भवन	1,59,27,24,861
24	अरवल	2,36,64,413
25	बक्सर	3,68,45,899
26	नवादा	6,18,38,659
27	रोहतास	9,30,91,501
28	सहरसा	9,32,65,778
29	मुजफफरपुर	12,43,68,495
30	औरंगाबाद	4,69,23,551
31	पटना	43,48,13,271
32	भभुआ	8,22,76,930
33	भोजपुर	6,58,05,186
34	जहानाबाद	1,57,95,315
35	लखीसराय	20,06,46,564
36	पटना विकास भवन	5,61,51,01,462
37	सुपौल	15,96,56,583
38	गया	31,73,08,570
39	किशनगंज	3,02,20,757
40	शेखपुरा	37,28,000
41	गोपालगंज	6,25,24,798
	कुल राशि	**17,22,75,03,595**

2.3 व्यक्तिगत जमा/व्यक्तिगत लेखा खाता

बिहार कोषागार संहिता 2011 के नियम 350 एवं 353 के अनुसार महालेखाकार को सूचना देते हुये वित्त विभाग के लिखित प्राधिकार के बिना कोषागार में कोई भी नया खाता नहीं खोला जा सकता तथा अतिशेषों का शेषों से मिलान– 'क' प्रत्येक महीने के अंत में निधि का प्रबंधन करने वाले पदाधिकारी द्वारा कोषागार पदाधिकारी तथा बैंक के साथ स्थानीय कोषों के क्रेडिट में मौजूद शेषों का मिलान 'रिकंसिलिएशन' किया जाएगा। कोषागार के साथ लगातार तीन महीनों तक शेष का सत्यापन न करने पर समाहर्ता के विशेष आदेश के बिना कोषागार पदाधिकारी द्वारा प्रशासक के किसी भी चेक को मुखांकित नहीं किया जाएगा। 'ख' गत वर्ष के लिए कोषों में जमा शेषों के सत्यापन के बाद उन्हें महालेखाकार को यथाशीघ्र भेजने के लिए, सभी स्थानीय निधियों के प्रशासक प्रत्येक वर्ष 30 अप्रील तक कोषागार पदाधिकारी को उनकी स्वीकृति का प्रमाणपत्र भेजेंगे।

2.4 निष्क्रिय व्यक्तिगत लेखा खाता बन्द न किया जाना

वित्त विभाग के पत्रांक 11262 दिनांक– 05.10.2010 के अनुसार समस्त पी0डी0 ऐसे खाते जो पांच वर्ष से अधिक समय से परिचालित नहीं है (बीटीसी 2011 के नियम 349 में संशोधन) को तत्काल बंद किया जाना चाहिए और प्रधान को इसकी सूचना दी जानी चाहिए।

व्यक्तिगत जमा लेखा का विवरण जो पाँच वर्षो से परिचालित नहीं किया गया है।									
क्रम संख्या	कोषगार	वर्ष	प्रशासक	पी०एल०ए० संख्या	प्रारंभिक शेष	प्राप्ति	भुगतान	अंतिम शेष	अभियुक्ति
1.	फारबिसगंज	2018-19	पंचायत समिति भरगामा		11852.00	0.00	0.00	11852.00	व्यापक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली में उपलब्ध नहीं है।
2.	फारबिसगंज	2018-19	पंचायत समिति नरपतगंज		154.25	0.00	0.00	154.25	––वही––
3.	फारबिसगंज	2018-19	फारबिसगंज पंचायत समिति		7052.45	0.00	0.00	7052.45	––वही––
4.	झंझारपुर	2018-19	पंचायत		1909395.00	0.00	0.00	1909395.00	––वही––
5.	जमुई	2018-19	डी०सी०एल०आर०, जमुई		165005.00	0.00	0.00	165005.00	––वही––
6.	कटिहार	2018-19	जिला शिक्षा निधि		2154030.70	0.00	0.00	2154030.70	––वही––
7.	कटिहार	2018-19	एन०ए०सी० मनिहारी		1266.40	0.00	0.00	1266.40	––वही––
8.	रोहतास	2018-19	बिहार स्टेट विद्युत बोर्ड		765314.00	0.00	0.00	765314.00	––वही––
9.	विकास भवन पटना	2018-19	बिहार स्टेट जल बोर्ड	पी०एल०ए००७	51098678.00	0.00	0.00	51098678.00	––वही––

2.5 धन ऋण ज्ञापन के अवशेष के अन्तर

बिहार कोषागार संहिता नियम 2011 के नियम 363 व 364 के अनुसार कोषागार लेखाकरण अधिनियम, 1992 में अन्तर्विष्ट निदेशों के अधीन, कोषागार पदाधिकारी को अपने मासिक लेखे के साथ सभी जमा राशियों तथा स्थानीय निधियों के लिए एक धन एवं ऋण ज्ञापन तैयार करके भेजा चाहिए। अपने पुस्तों में दर्ज वास्तविक डेबिट और वास्तविक क्रेडिट तथा महालेखाकार द्वारा सूचित डेबिट या क्रेडिट को उचित कॉलमों में ही दर्ज किया जाना चाहिए और उसके बाद विगत महीने के ज्ञापन में दर्शाए गए अंतिम शेष (क्लोजिंग बैलेंस) को उसमें आरंभिक शेष के बतौर लिया जाना चाहिए। उसके बाद ही महीने के अंतिम शेष का हिसाब करना चाहिए। यह सब स्वतंत्र रूप से और निधियों के प्रशासकों के हवाले के बिना किया जाना चाहिए। महालेखाकार के पास ज्ञापन पेश करने के पहले पास बुक के आंकड़ों के साथ सत्यापन कर लिया जाना चाहिए और ज्ञापन के उपर इस आशय का एक प्रमाणपत्र दर्ज कर दिया जाना चाहिए। यदि सत्यापन के दौरान कोई फर्क (डिस्क्रिपेंसी) नजर आता हो, तो उसका समाधान करने के लिए तुरत कदम उठाया जाना चाहिए और ज्ञापन पर एक टिप्पणी दर्ज कर दी जानी चाहिए कि समाधान कैसे हुआ और उसके लिए क्या कदम उठाए गए।

कोषागार पदाधिकारी और निधि प्रशासक को ध्यान देना चाहिए कि कोषागार में हिसाब किया गया अतिशेष अंतिम नहीं होता है। महालेखाकार के पुस्तों में हिसाब किया गया अतिशेष को ही सरकार द्वारा स्वीकार किया जाता है और कोषागार पदाधिकारी को मानक के रूप में उसी का अनुसरण करना है।

कोषागार पदाधिकारी को ध्यान देना चाहिए कि उसके लेखे में एक बार लिखे गए आंकड़े अंतिम होते हैं और लिपिकीय त्रुटियों को छोड़कर बाद में निकासी किये समंजक वाउचर (एडजस्टिंग वाउचर) बिना उसमें सुधार नहीं किया जा सकता। अपने क्रेडिट और डेबिट का कोषागार में उचित लेखाकरण किया गया है या नहीं, यह देखने के लिए जवाबदेह निधि प्रशासक को यदि कोई गलती नजर आती हो, तो उसे संशोधन वाउचर (करेक्टिंग वाउचर) द्वारा निकासी कर और अगले महीने में सही शीर्ष में अंतरण के जरिये भुगतान कर आवश्यक समंजन कर लेना चाहिए। कुछ निम्न उदाहरण प्रस्तुत है :–

क्र० सं०	प्रशासक का नाम	लेखा शीर्ष	माह तथा वर्ष 2021-22	प्रारंभिक शेष	प्राप्ति	भुगतान	अंत शेष
01	जिला भू–अर्जन पदाधिकारी वैशाली	8443–00–106–0006	अप्रैल	77,99,67,859	3,40,415	27,18,913	77,75,89,361
			मई	77,75,89,361	84,158	2,37,23,537	75,39,49,982
			जून	75,39,49,982	54,404	5,13,97,146	70,26,07,240
			जुलाई	70,26,07,240	1,08,703	1,80,43,940	68,46,72,003
			अगस्त	68,46,72,003	11,25,09,711	2,68,49,062	77,03,32,652
			सितंबर	77,03,32,652	0	4,70,20,450	72,33,12,202
			अक्तूबर	72,33,12,202	36,466	1,32,88,871	71,00,59,797
			नवंबर	71,00,59,797	4,50,02,324	1,00,66,406	74,49,95,715
			दिसम्बर	74,49,95,715	0	81,96,702	73,67,99,013
			जनवरी	73,67,99,013	0	1,13,40,547	72,54,58,466
			फरवरी	72,54,58,466	0	2,70,40,263	69,84,18,203
			मार्च	69,84,18,203	69,013	12,63,125	69,72,24,091

क्र० सं०	प्रशासक का नाम	लेखा शीर्ष	माह तथा वर्ष 2021-22	प्रारंभिक शेष	प्राप्ति	भुगतान	अंत शेष
01	जिला पदाधिकारी वैशाली	8443-00-106-0005	अप्रैल	8,78,27,903	0	0	8,78,27,903
			मई	8,78,27,903	0	0	8,78,27,903
			जून	8,78,27,903	0	0	8,78,27,903
			जुलाई	8,78,27,903	0	0	8,78,27,903
			अगस्त	8,78,27,903	0	0	8,78,27,903
			सितंबर	8,78,27,903	0	0	8,78,27,903
			अक्तूबर	8,78,27,903	0	4,03,19,118	4,75,08,785
			नवंबर	4,75,08,785	0	1,85,85,924	2,89,22,861
			दिसम्बर	2,89,22,861	0	0	2,89,22,861
			जनवरी	2,89,22,861	0	0	2,89,22,861
			फरवरी	2,89,22,861	0	0	2,89,22,861
			मार्च	2,89,22,861	0	0	2,89,22,861

क्र० सं०	प्रशासक का नाम	लेखा शीर्ष	माह तथा वर्ष 2021-22	प्रारंभिक शेष	प्रप्ति	भुगतान	अंत शेष
01	जिला भू–अर्जन पदाधिकार, मुजफ्फरपुर	8443-00-106-0006	अप्रैल	81,71,27,440	0	0	81,71,27,440
			मई	81,71,27,440	0	0	81,71,27,440
			जून	81,71,27,440	0	0	81,71,27,440
			जुलाई	81,71,27,440	0	0	81,71,27,440
			अगस्त	81,71,27,440	0	11,65,10,786	70,06,16,654
			सितंबर	70,06,16,654	0	0	70,06,16,654
			अक्तूबर	70,06,16,654	0	0	70,06,16,654
			नवंबर	70,06,16,654	0	0	70,06,16,654
			दिसम्बर	70,06,16,654	0	28,41,492	69,77,75,162
			जनवरी	69,77,75,162	0	0	69,77,75,162
			फरवरी	69,77,75,162	0	0	69,77,75,162
			मार्च	69,77,75,162	74,00,000	17,83,628	70,33,91,534

क्र० सं०	प्रशासक का नाम	लेखा शीर्ष	माह तथा वर्ष 2021-22	प्रारंभिक शेष	प्राप्ति	भुगतान	अंत शेष
01	बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल मुजफ्फरपुर	8443-00-106-0014	अप्रैल	0	0	0	0
			मई	0	0	0	0
			जून	0	0	0	0
			जुलाई	0	0	0	0
			अगस्त	0	0	0	0
			सितंबर	0	0	0	0
			अक्तूबर	0	0	0	0
			नवंबर	0	0	0	0
			दिसम्बर	0	3,82,19,700	22,10,000	3,60,09,700

			जनवरी	3,60,09,700	0	0	3,60,09,700
			फरवरी	3,60,09,700	0	53,68,500	3,06,41,200
			मार्च	3,06,41,200	0	0	3,06,41,200

2.6 नगर निगम आदि गलत लेखा शीर्ष में वर्णित :–

वित विभाग के पत्रांक 8037 दिनांक 14.09.2015 के अनुसार वित्तीय लेन–देन नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत द्वारा उपशीर्ष क्रमशः 0001, 0002 एवं 0003 के अंतर्गत मुख्य शीर्ष 8448, उपशीर्ष–00 एवं लघु शीर्ष 102 में होना चाहिए।

जबकि सी0एफ0एम0एस0 द्वारा लेखा का निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित उपशीर्ष के अंतर्गत कोषागारों द्वारा गलत उपशीर्ष के अंतर्गत अंकित किया गया है। कुछ निम्न उदाहरण प्रस्तुत हैः –

कोषागार पटना सदर

व्यक्तिगत खाता का नाम	**आवंटित उपशीर्ष**
नगर पालिका	8448.00.102.0001
नगर परिषद	8448.00.102.0002
नगर पंचायत	8448.00.102.0003

कोषागार पटना सदर

व्यक्गित खाता का नाम	**बुक किये गए लघु शीर्ष/उपशीर्ष**
नगर परिषद मोकामा	8448.00.109.0002
नगर परिषद बाढ़	8448.00.109.0002
नगर परिषद दानापुर निजामत	8448.00.109.0002
नगर परिषद मनेर	8448.00.109.0001

2.7 प्रदेश के कोषागारों से वाउचर प्राप्त न होना :–

बिहार कोषागार संहिता 2011 के नियम 25 व 26 के अनुसार महालेखाकार और अन्य प्राधिकारों को विभिन्न विहित तिथियों को भेजी जाने वाले कोषागार लेखे और विवरणियों की संपूर्ण सूची प्रत्येक कोषागार में रखी जायेगी। लेखे और विवरणियॉ कोषागार लेखाकरण नियमावली, 1992 में अन्तर्विष्ट निदेशों तथा महालेखाकार द्वारा जारी किए जाने वाले आदेशों एवं अनुदेशों के अनुसार लिखे जाएंगे।

लेखा महानियंत्रक, व्यय विभाग, भारत सरकार द्वारा निर्गत कोषागारों के लिए लेखा नियमावली 1992 के अनुसार भुगतान सूची और नकद लेखा से संबंधित वाउचरों, चालानों और अनुसूचियों को अलग–अलग मासिक श्रृंखला में लगातार क्रम से संख्यांकित किया जायेगा और प्रेषित 'डिस्पैच' किए जाने तक ताला बंद रखा जायेगा। भेजने से पूर्व कोषागार पदाधिकारी निरीक्षण कर अपना समाधान कर लेगा कि सभी अपेक्षित वाउचर संलग्न कर दिए गए हैं। माह के दौरान वह समय–समय पर देख लेगा कि सभी वाउचर मौजूद हैं तथा उचित क्रम में हैं।

निम्नलिखित कोषागारों के निरीक्षण के दौरान पाया गया की निम्न वर्णित कोषागारों से अप्राप्त वाउचरों की राशि की सूची इस प्रकार हैः –

कोषागारवार अप्राप्त अभिश्रवों (वाउचरों) की राशि

क्रम संख्या	कोषागार का नाम	अप्राप्त वाउचरों की राशि
1	अररिया	46,41,09,232
2	बाँका	40,55,48,810
3	दरभंगा	51,53,02,720
4	बेगुसराय	19,30,32,356
5	सिवान	46,06,82,426
6	बेतिया	45,16,57,427
7	मधुबनी	69,08,94,519
8	नालंदा	1,81,29,47,044
9	सीतामढ़ी	22,86,62,659
10	भागलपुर	41,65,12,981
11	मुंगेर	61,73,95,608
12	समस्तीपुर	61,33,74,792
13	कटिहार	40,07,62,146
14	मधेपुरा	7,47,28,849
15	पुर्णिया	41,09,36,998

16	सारण	54,03,81,231
17	शिवहर	11,32,92,621
18	खगड़िया	47,91,46,781
19	जमुई	21,33,56,994
20	पटना सिंचाई भवन	16,68,35,587
21	मोतिहारी	1,27,61,81,283
22	वैशाली	98,28,72,285
23	पटना निर्माण भवन	37,36,09,852
24	अरवल	34,43,01,739
25	बक्सर	69,08,75,640
26	नवादा	34,55,99,628
27	रोहतास	1,12,52,64,612
28	सहरसा	3,00,29,564
29	मुजफफरपुर	1,00,15,33,466
30	औरंगाबाद	35,24,29,702
31	पटना	73,84,30,973
32	भभुआ	14,72,65,533
33	भोजपुर	21,20,68,787
34	जहानाबाद	30,48,13,512
35	लखीसराय	20,92,78,336
36	सुपौल	57,79,81,755
37	गया	1,13,92,29,314
38	किशनगंज	35,38,11,204
39	शेखपुरा	12,47,43,153
40	गोपालगंज	1,81,94,03,669
	कुल	**21,41,92,85,788**

2.8 विपत्रों के भुगतान में विलम्ब

बिहार कोषागार संहिता 2011 के नियम 79 के अनुसार सरकार के सभी दावों को तत्परतापूर्वक प्रस्तुत किया जाना चाहिए। भुगतान में विलंब सभी नियमों के विपरीत और आपत्तिजनक है और समाधान पूरक स्पष्टीकरण नहीं दिये जाने पर उन्हें सम्बद्ध विभागाध्यक्ष की जानकारी में लाया जाना चाहिए।

क0 सं0	कोषागार	टोकन तिथि	भुगतान तिथि	वाउचर संख्या	विपत्र प्रकार	राशि	विलंबित दिनों की संख्या
01	पटना सदर	30-06-21	28-07-21	PPTC210722350000115	वेतन	57229/-	28
		03-11-21	25-11-21	PPTC211134560000024	वेतन	54386/-	22
		10-09-21	06-10-21	PPTC211020530000057	एफभीसी	13828/-	26
02	पटना निर्माण भवन	05-07-21	02-08-21	PPNB210825150000080	विभिन्न	52411/-	35
		25-10-21	16-11-21	PPNB211180090000050	विभिन्न	47846/-	22
		09-09-21	27-09-21	PPNB210920710000372	वेतन	32760/-	18
03	हाजीपुर	24-09-21	01-10-21	PVSl2211022250000001	एफभीसी	135090/-	7
04	बक्सर	07-10-21	23-12-21	BXR20211010567	--	43485/-	77
		20-10-21	21-12-21	BXR20211011324	--	31516/-	72
		05-01-22	20-01-22	BXR20220117291	--	48693/-	15
5	सुपौल	10-09-21	21-09-21	PSPL210924030000019	चिकित्सा	149789/-	11
		05-10-21	23-10-21	PSPL211022020000035	एफभीसी	92805/-	18

		17-07-21	31-07-21	PSPL2107345 60000020	एफभीसी	398676/-	14

भाग–3

कोषागारों के निरीक्षण के दौरान पायी गयी त्रुटियाँ/कमियाँ

3.1 वर्ष के दौरान निरीक्षण किए गए कोषागार

बिहार राज्य में कुल 43 कोषागार कार्यरत है। वित्तिय वर्ष 2021–2022 की अवधि में 9 कोषागारों का निरीक्षण सम्पन्न कराया गया। जिसकी विवरणी निम्न है।

क्रम संख्या	कोषागार का नाम	कोषागार निरीक्षण की अवधि
01	वैशाली	16.12.21 से 24.12.21
02	पटना	03.01.22 से 12.01.22
03	पटना सिचाई भवन	03.01.22 से 12.01.22
04	पटना विकास भवन	17.02.22 से 25.02.22
05	पटना निर्माण भवन	17.02.22 से 25.02.22
06	सारण	01.03.22 से 08.03.22
07	मुजफ्फरपुर	01.03.22 से 08.03.22
08	सुपौल	10.03.22 से 16.03.22
09	बक्सर	10.03.22 से 16.03.22

3.2 निरीक्षण प्रतिवेदन के अविस्तारित प्रतिवेदन एवं प्रस्तर

कोषागारों के निरीक्षण की अवधि में संज्ञान में आयी त्रुटियाँ/कमियाँ को प्रस्तर के रूप में अनुपालन किये जाने हेतू सम्बन्धित कोषागारों को प्रेषित किया जाता है, जिससे की प्रस्तरों का विस्तारण हो सके। अनेकों कोषागारों द्वारा अनुपालन आख्या प्रेषित करने पर रूचि नहीं ली गई। जिसके कारण निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं हो पाता है। वित्तिय वर्ष 2021–2022 में 9 कोषागारों ने प्रथम अनुपालन आख्या का प्रेषण कार्यालय महालेखाकार को प्रेषित नहीं किया। प्रस्तरों के विस्तारण में रूचि न लिये जाने के कारण पाँच वर्ष से अधिक समय से लेकर वर्ष 2021–2022 तक 337 प्रतिवेदन में कुल 3101 प्रस्तर विस्तारित है।

31 मार्च 2022 तक लंबित निरीक्षण प्रतिवेदन एवं कंडिकाओं की स्थिति।

वितिय वर्ष	लंबित निरीक्षण प्रतिवेदन	लंबित कंडिका
2014–2015 तक	208	1285

2015–2016	24	157
2016–2017	24	294
2017–2018	24	306
2018–2019	24	313
2019–2020	24	379
2020–2021	0	0
2021–2022	09	367
कुल	337	3101

3.3 एक वर्ष से अधिक समय के व्यतीत होने के उपरान्त उपादान प्राधिकार पत्रों का पुनः वैधीकरण न किया जाना।

बिहार कोषागार संहिता– 2011 के नियम 240 के तहत् यह प्रावधान है कि एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत उपादान प्राधिकार पत्रों को संवितरण प्राधिकारी के द्वारा पुनः वैधीकरण किया जाना चाहिए।

वित्तीय वर्ष 2021–2022 में निरीक्षण किये गये कुल 9 कोषागारों में एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत भी उपादान प्राधिकार पत्र पुनः वैधीकरण हेतु लम्बित है जिसका विवरण निम्न है :–

क्रम संख्या	कोषागार का नाम	पेंशनर का नाम	पी0पी0ओ0संख्या	भुगतान आदेश तारीख
01	पटना	विनोद प्रसाद सिंह	201911062775	03.11.2021
		उपेन्द्र प्रसाद सिंह	202011061273	16.07.2021
		डा0 एस0 साम्बिल हसन	202011051367	16.07.2021
		राजेश्वर प्रसाद	202011161404	30.07.2021
		कामता प्रसाद सिंह	201911062488	27.07.2021
		सुचिता कुमारी	201911122238	31.07.2021
02	पटना निर्माण भवन	अनंत सिंह	201811031605	11.07.2019
03	पटना सिचाई भवन	चन्देश्वर प्रसाद भारती	201911031493	06.07.2020
		मन्जुला सहाय	201911021072	11.06.2020
04	सारण	राम कृष्ण दूबे	201911061576	02.03.2021
		देवेन्द्र कुमार सिंह	201911141857	04.12.2020
		आशा कुमारी	202011132004	21.10.2021
		सैयद वशी अहमद	202011062839	02.11.2021
05	सुपौल	राधे श्याम तिवारी	201711111117	31.08.2021

3.4 अभिलेखों का समुचित रख–रखाव न किया जाना

वित विभाग के पत्रांक 11889, दिनांक 29.12.2011 के तहत् यह आदेशित है कि कोषागारो के बिलो की स्वीकृत पाँच दिनों के अंदर किया जाना चाहिए। यदि किसी आपत्ति के कारण इसे स्वीकृत नहीं किया गया तो, बिहार कोषागार संहिता 2011 के नियम 119 के तहत् यह प्रावधान है कि ऐसे दोषपूर्ण बिल को आपत्ति में दर्ज की जानी चाहिए एवं ऐसे आपत्ति ज्ञापन को तीन वर्षो तक कोषागार में रखा जा सकता है। साथ ही निरीक्षण के दौरान ऐसे बिलों को उपस्थापित करना चाहिए। बिलों के विलम्ब के कारणों को ज्ञापन आदि में दर्ज नहीं करने के कारण, इसके दोषपूर्ण प्रकृति को समझने में कठिनाई होती है। वित्तीय वर्ष 2021–2022 में निम्न कोषागारो द्वारा उक्त कोडल प्रावधान (संहिता) का पालन नहीं किया गया। जिसका विवरण निम्नवत हैः –

टोकन तिथि	भुगतान तिथि	वाउचर सं0	विपत्र–प्रकार	राशि	विलम्ब की अवधि
23-12-2019	15-01-2020	PPTC200120290000033	वेतन विपत्र	106065/-	23
23-12-2019	16-01-2020	PPTC200120290000034	वेतन विपत्र	58741/-	24
30-04-2019	22-05-2019	PPTC190580090000011	विभिन्न विपत्र	270000/-	22
08-05-2019	31-05-2019	PPTC190520710000413	वेतन विपत्र	488320/-	23
27-09-2019	01-11-2019	PPTC191120710000003	वेतन विपत्र	18819/-	35
02-05-2019	03-06-2019	PTS20190502607	मिश्रित विपत्र	1155000/-	32
29-05-2019	24-06-2019	PTS20190502909	पेंशन विपत्र	66528/-	26
